भारत सरकार

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2104

दिनांक 15 दिसम्बर, 2023 को उत्तर के लिए

आंगनवाड़ी सेवाओं का प्रभावी कार्यान्वयन

2104. श्री पी.पी. चौधरी:

श्री अनुराग शर्माः

डॉ. रमापति राम त्रिपाठीः

श्री संगम लाल गुप्ताः

श्री प्रताप चंद्र षडङ्गी:

श्री सी.आर, पाटिलः

क्या **महिला और बाल विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे

(क) आंगनवाडी सेवा योजना के अंतर्गत सरकार द्वारा राजस्थान, उत्तर प्रदेश, ओडिशा और गुजरात राज्यों को कितनी धनराशि जारी की गई है;

(ख) उपर्युक्त राज्यों और विशेषकर पाली, झांसी, देवरिया, प्रतापगढ़, बालासोर और नवसारी संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों से 0-6 वर्ष की आयु के कितने बच्चे उक्त योजना का लाभ उठा रहे हैं.

(ग) क्या सरकार ने आंगनवाड़ी सेवाओं, विशेष रूप से इसके अतर्गत पूरक पोषण संघटक की प्रभावी निगरानी और मूल्याकन के लिए कोई तंत्र स्थापित किया है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) सरकार उक्त योजना को प्रभावी ढंग से कार्यान्वित करने के लिए किस प्रकार प्रौद्योगिकी का लाभ उठा रही है ताकि अपेक्षित लाभ लाभार्थियों तक पहुंच सके?

उत्तर

श्रीमती स्मृति ज़ूबिन इरानी **महिला एवं बाल विकास मंत्री**

(क): आंगनवाड़ी सेवाएं, किशोरी स्कीम (एसएजी) तथा पोषण अभियान के अंतर्गत अनुपूरक पोषण के घटकों को वित्तीय वर्ष 2021-22 से सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0 के अंतर्गत एकीकृत पोषण सहायता कार्यक्रम के रूप में संरेखित किया गया है। राजस्थान, उत्तर प्रदेश, ओडिशा और गुजरात के राज्यों को मिशन सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0 के अंतर्गत जारी की गई निधियों का ब्यौरा **अनुलग्नक-I** में दिया गया है।

(ख): राजस्थान, उत्तर प्रदेश, ओडिशा और गुजरात में तथा पाली, झांसी, देवरिया, प्रतापगढ़, बालासोर तथ नवसारी संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0 का लाभ प्राप्त करने वाले 0 से 6 वर्ष तक की आयु के बच्चे की संख्या से संबंधित ब्यौरा **अनुलग्नक-II** में दिया गया है।

(ग) और (घ): स्कीम के प्रभावी कार्यान्वयन और निगरानी को सुनिश्चित करने के लिए आंगनवाड़ी केन्द्रों पर प्रणाली को मजबूत बनाने तथा अनुपूरक पोषण प्रदायगी सहायता प्रणालियों में पारदर्शिता लाने के लिए सूचना प्रौद्योगिकी प्रणालियों का लाभ उठाया गया है। ''पोषण ट्रैकर'' ऐप्लीकेशन को एक महत्वपूर्ण शासकीय उपकरण के रूप में दिनांक 1 मार्च, 2021 को शुरू किया गया था। पोषण ट्रैकर परिभाषित सूचकों पर सभी आंगनवाड़ी केन्द्रों, आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों तथा लाभार्थियों की निगरानी और ट्रैकिंग को सुगम बनाता है। पोषण ट्रैकर के अंतर्गत प्रौद्योगिकी का लाभ बच्चों में होने वाले ठिगनेपन, गंभीर कमजोरी तथा कम भार की व्याप्ता की व्यापक रूप से पहचान करने के लिए उठाया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, पोषण अभियान के अंतर्गत पहली बार आंगनवाड़ी केन्द्रों को मोबाइल उपकरणों से सुसज्जित करके डिजिटल क्रांति की शुरूआत की गई थी। इस मोबाइल ऐप्लीकेशन ने एडब्ल्यूडब्ल्यू द्वारा प्रयुक्त भौतिक रजिस्टरों के डिजीटलीकरण और स्वचालन को सुगम बनाया है जिसमें उनके कार्य की गुणवत्ता को सुधारने में मदद मिली है। यह पोषण ट्रैकर हिंदी और अंग्रेजी सहित 22 भाषाओं में उपलब्ध है। इसमें आंगनवाड़ी सेवाओं के लिए वास्तविक समय के आंकड़ों का एकीकरण जैसे कि दैनिक उपस्थिति, ईसीसीई, पके हुए गर्म खाने का प्रावधान तथा अनुपूरक पोषण कार्यक्रम के अंतर्गत घर ले जाने वाले राशन, विकास माप आदि को सुगम बनाया है। यह ऐप प्रमुख व्यवहार और सेवाओं पर परामर्श वीडियो भी बनाता है जो जन्म की तैयारी, सेवा

प्रदायगी, प्रसव पश्चात देखभाल, स्तनपान तथा अनुपूरक पोषण से संबंधित संदेश प्रसारित करने में मदद करता है। इसके अतिरिक्त, सेवा प्रदायगी की अंतिम मील ट्रैकिंग को सुनिश्चित करने के लिए, घर ले जाने वाले राशन की सेवा प्रदायी के बारे में लाभार्थियों को एसएमएस एलर्ट भेजने की शुरूआत भी की गई है। इस स्कीम के अंतर्गत शिकायत के निस्तारण हेतु पोषण हेल्पलाइन की शुरूआत भी की गई है।

*****

अनुलग्नक-I

दिनांक 15.12.2023 को पूछे जाने वाले लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 2104 के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक

सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0 के अंतर्गत जारी की गई निधियों का ब्यौरा

(रुपए लाख में)

क्र. सं.	राज्य	जारी की गई निधि		
		2021-22	**2022-23**	**2023-24**
1	राजस्थान	68264.63	96337.52	71209.77
2	उत्तर प्रदेश	239978.59	272052.80	145144.26
3	ओडिशा	93659.57	91559.27	59405.09
4	गुजरात	83343.97	91213.99	38140.72

अनुलग्नक-II

0 से 6 वर्ष तक की आयु के बीच के लाभार्थियों की संख्या*

राजस्थान	उत्तर प्रदेश	ओडिशा	गुजरात
3937784	19070620	3562414	3293328

***पोषण ट्रैकर के अनुसार नवम्बर, 2023 के आंकड़े**

संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के अनुसार 0 से 6 वर्ष की आयु के बीच के लाभार्थियों की संख्या**

क्र. सं.	संसद निर्वाचन क्षेत्र का नाम	ज़िला	बच्चों की संख्या (0 से 6 वर्ष)
1	पाली	पाली	118507
		जोधपुर	185167
2.	बालासोर	मयूरभंज	219544
		बालेश्वर	189629
3	नवसारी	सूरत	137175
		भरूच	81701
		नवसारी	53823
4	झांसी	झांसी	123014
		ललितपुर	134246
5	देवरिया	देवरिया	306645
		कुशीनगर	381608
6	प्रतापगढ़	प्रतापगढ़	297633

पोषण ट्रैकर के अनुसार नवम्बर, **2023 के आंकड़े

******